संपादकीय

# अब दोष बताना जुर्म है!

निष्कर्ष यह है कि अब सरकार की छवि पर असर डालने वाले किसी प्रकार की घटना को उठाना अपराध समझा जाने लगा है। विचारणीय प्रश्न है कि भारत आखिर कैसा समाज बनता जा रहा है

इस घटना पर ध्यान दीजिए। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में समाजवादी पार्टी के विधायक डॉक्टर आरके वर्मा अपने क्षेत्र रानीगंज में बन रहे सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे, तो उन्हें शिकायत मिली थी कि निर्माण कार्य में खराब गुणवत्ता वाली चीजों का उपयोग हो रहा है। विधायक ने देखा तो यह शिकायत सही निकली। नवनिर्मित दीवार को जब उन्होंने छूकर देखा, तो वो हिलने लगी और थोड़ा धक्का दिया तो भरभराकर गिर गई। विधायक का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने लगा। कुछ ही देर बाद इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण करा रही कंपनी की ओर से विधायक आरके वर्मा और उनके भाई समेत छह लोगों के खिलाफ कंधई थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई। अब वर्मा इस घटना में मुख्य अभियुक्त हैं। और ऐसा होने का यह पहला मामला नहीं है। वैसे ही तो इस तरह की मिसालें सारे देश में बढ़ती जा रही हैं, लेकिन अगर उत्तर प्रदेश पर ही ध्यान केंद्रित करें, तो ऐसे कई मौके आए हैं जब भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले ही कठघरे में खड़े कर दिए गए हैं। इसी साल अप्रैल में बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक होने संबंधी खबर छापने के मामले में तीन पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

रेत माफिया और खनन माफिया के खिलाफ खबर लिखने वाले कई पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को आए दिन धमकियां मिलती रहती हैं। उनके खिलाफ न सिर्फ माफिया की ओर से केस दर्ज कराने, बल्कि कई बार सरकारी अफसरों की ओर से भी केस दर्ज किए जाने के मामले सामने आए हैं। कमेटी अगेंस्ट असॉल्ट ऑन जर्नलिस्ट्स नाम की संस्था एक रिपोर्ट के मुताबिक 2017 में राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद पांच साल के दौरान राज्य भर में 48 पत्रकारों पर शारीरिक हमले हुए, 66 के खिलाफ केस दर्ज हुए, और उनकी गिरफ्तारी हुई। कोविड महामारी के दौरान भी कई पत्रकारों के खिलाफ केस दर्ज किए गए। तो निष्कर्ष यह है कि अब भ्रष्टाचार, अत्याचार और सरकार की छवि पर असर डालने वाले किसी प्रकार की घटना को उठाना अपराध समझा जाने लगा है। ऐसे में विचारणीय प्रश्न यह हो जाता है कि भारत आखिर कैसा समाज बनता जा रहा है।

# पूर्व विश्व चैंपियन को हराकर अल्फिया ने जीता स्वर्ण



**नूर सुल्तान ।** मौजूदा युवा विश्व चैंपियन अल्फिया पठान और गीतिका ने कजाकिस्तान में आयोजित एलोर्डा कप में दमदार प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीते, जबकि भारत की अन्य दो महिला मुक्केबाज कलाइवानी श्रीनिवासन और जमुना बोरो ने रजत पदक के साथ प्रतियोगिता समाप्त की।

नागपुर की अल्फिया ने 2016 विश्व चैंपियन और खिताब की प्रबल दावेदार लज्जत कुंगेइबायेवा को महिलाओं के +81 किग्रा फाइनल में 5-0 से हराया, जबकि गीतिका ने 48 किग्रा फाइनल में हमवतन कलाइवानी पर 4-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। यह अल्फिया और गीतिका के लिए पहली सीनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता भी थी।

अल्फिया मौजूदा एशियाई चैंपियन कुंगेइबायेवा के लिए बहुत मजबूत साबित हुईं। अनुभवी कजाख मुक्केबाज के पास अल्फिया के मुक्कों का कोई जवाब नहीं था, और युवा भारतीय ने अंतत: जीत दर्ज की।स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साहित अल्फिया ने कहा, विशेष रूप से विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता के खिलाफ स्वर्ण पदक जीतना एक अद्भुत एहसास है।

दूसरी ओर, रोहतक की रहने वाली गीतिका ने अपनी हमवतन कलाइवानी के खिलाफ फाइनल जीतकर देश को पहला स्वर्ण दिलाया। दोनों मुक्केबाजों ने आक्रामक इरादे से शुरुआत की और एक-दूसरे पर हमलावर रहे।

गीतिका ने बाउट के आगे बढ़ने के साथ-साथ मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत की और अंत में परिणाम को अपने पक्ष में करने में कामयाब रहीं। गीतिका ने अपनी जीत के बाद कहा, पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतना बहुत अच्छा अहसास था। यह एक शुरुआत है। मैं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सीनियर स्तर पर और पदक जीतना चाहती हूं।

इस बीच, 2019 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता जमुना ने उज्बेकिस्तान की निगिना उकटमोवा के खिलाफ अपना सब कुछ झोंक दिया, लेकिन वह 54 किग्रा फाइनल में 0-5 से हार गई।

अंतिम दिन दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने के साथ, भारतीय दल ने टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में 10 कांस्य सहित 14 पदक हासिल किये।

भारतीय महिलाओं ने दो स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीते जबकि पुरुषों ने चार रजत हासिल किये। ज्योति गुलिया (52 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा), सोनिया लाठेर (57 किग्रा), नीमा (63 किग्रा), ललिता (70 किग्रा) और बबीता बिष्ट (81 किग्रा) महिला वर्ग में कांस्य पदक विजेता रहीं। पुरुषों में कुलदीप कुमार (48 किग्रा), अनंत चोपडे (54 किग्रा), सचिन (57 किग्रा) और जुगनू (92 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

# चीन के हेंग, हुआंग ने जीता मलेशिया ओपन मिश्रित युगल का खिताब



**क्वालालंपुर ।** चीन के हेंग सिवेई और हुआंग याकिओंग ने मलेशिया ओपन बैडमिंटन 2022 में मिश्रित युगल खिताब जीत लिया। क्वालालंपुर में एक्सियाटा एरिना में हेंग और हुआंग ने थाईलैंड के डेचापोल पुवारानुक्रोह और सप्सिरी तेरत्तनाचाई पर 21-13, 21-18 से जीत दर्ज की।

पुरुष एकल विश्व नंबर 1 डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने जापान के केंटो मोमोटा को हराकर अपना पहला मलेशियाई ओपन खिताब अपने नाम किया। 28 वर्षीय शटलर ने दुनिया के दूसरे नंबर के शटलर के खिलाफ एकतरफा मैच 21-4, 21-7 से जीता, जिन्होंने 34 मिनट के मुकाबले में संघर्ष किया।

थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन ने कड़े मुकाबले में चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन युफेई को 21-15, 13-21, 21-16 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता।

महिला युगल में इंडोनेशिया की अप्रियानी रहयु और सिटी फादिया सिल्वा रामधनती ने चीन की झांग शुक्सियन और झेंग यू को 21-18, 12-21, 21-19 से हराया। पुरुष युगल का खिताब जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को मिला, जिन्होंने अपने इंडोनेशियाई विरोधियों फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियान्टो को 24-22, 16-21, 21-9 से मात दी।

# तीन डॉलर महंगा हुआ क्रूड ऑयल

**नईदिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है. पिछले 24 घंटे में क्रूड ऑयल(कच्चे तेल) के दामों में तेजी आई है. ब्रेंट क्रूड के दामों में तीन डॉलर की बढ़ोतरी आयी है. कच्चे तेल की कीमतें 111 से बढक़र 114 हो गई है. इस बीच सरकारी तेल की कंपनियों ने मंगलवार को भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. यानी आज भी पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं. दिल्ली में मंगलवार को पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है. नोएडा में पेट्रोल 96.57 रुपये प्रति लीटर है तो डीजल की कीमतें 89.96 रुपये हैं. वहीं, मुंबई में पेट्रोल 109.27 रुपये और डीजल 95.84 में बिक रहा है. वहीं. कोलकाता में 106 रुपये प्रति लीटर पेट्रोल के दाम हैं तो डीजल की कीमतें 92.76 रुपये प्रति लीटर हैं. चेन्नई में पेट्रोल 109.63 रुपये और डीजल 95.84 रुपये प्रति लीटर है.पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.04 रुपये है. पोर्टब्लेयर में पेट्रोल की कीमतें 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये में बिक रहा है. यहां पर पेट्रोल-डीजल के दाम सबसे कम हैं.

# भारत दौरे के लिए अभी से तैयारी कर रहा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबोर्न ।** ऑस्ट्रेलिया की टीम भले ही श्रीलंका दौरे पर गई हो लेकिन उनका पूरा ध्यान अगले साल होने वाले भारत दौरे पर है। पहले टेस्ट में जीत के बाद अगले टेस्ट में ड्रॉ भी एशिया में उन्हें लगातार दूसरी सीरीज़ जिता सकता है। इससे पहले उन्होंने इसी साल पाकिस्तान को हराया था, जो कि ऑस्ट्रेलिया की एशिया में 11 साल बाद कोई पहली टेस्ट सीरीज़ जीत थी। 2004 के बाद से ऑस्ट्रेलिया भारत में कोई सीरीज़ नहीं जीत सका है।

जहां आशा के विपरीत पाकिस्तान ने तीनों टेस्ट मैच में बल्लेबाज़ों के अनुकूल पिच दी , जहां पर गेंद मुश्किल से टर्न कर रही थी। वहीं श्रीलंका ने गॉल में रैंक टर्नर पिच दी , जिसे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों ने अब तक की सबसे मुश्किल पिच कहा। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों ने इसका पूरा फ़ायदा उठाते हुए मैच में कुल 18 विकेट झटके, जिसमें पार्ट टाइम स्पिनर भी शामिल थे।

अगले साल भारत में भी ऑस्ट्रेलिया कुछ ऐसी ही पिचों की उम्मीद कर रहा है। उनके असिस्टेंट कोच डैनियल वेटोरी ने कहा, अलग-अलग जगहों पर परिस्थितियां अलग-अलग होंगी। अगर आप मोहाली में खेलते हैं तो विकेट पाकिस्तान जैसी फ़्लैट मिल सकती है, वहीं अगर आप वानखेड़े में खेलते हैं तो वह गॉल जैसा स्पिन करेगी। '

साथ ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ अब स्वीप शॉट के द्वारा ज़्यादा रन बनाने का प्रयास कर रहे हैं।। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की लगभग 45.7 प्रतिशत बाउंड्री या तो स्वीप या रिवर्स-स्वीप के द्वारा आए थे। साल 2016 में श्रीलंका में उनकी 3-0 की हार में यह प्रतिशत 20.8 था।

वेटोरी ने कहा, कई मायनों में भारत में वह स्वीप करते हुए बाउंड्री बटोरने में इतना सफल नहीं होंगे। जो खिलाड़ी लोग बहुत अच्छी तरह से स्वीप करते हैं उन्होंने जितना संभव हो उतना जोर देने की कोशिश की और बाउंड्री बटोरने का प्रयास किया। ऐलेक्स कैरी ने शायद सबसे स्वीप करने का प्रयास किया था। उन्होंने कुल 12 ऐसे स्वीप शॉट मारे थे जिसमें उन्हें रन मिला था।

# शेयर बाजार में कागज कंपनियों की बल्ले-बल्ले, सिंगल यूज वाले प्लास्टिक उत्पादों पर रोक से मिल रहा फायदा



**नईदिल्ली।** एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक से बनी वस्तुओं पर पाबंदी का लाभ कागज उद्योग की कंपनियों को मिल रहा है और उनके शेयर चढ़ गए हैं. बीते एक महीने में सेषसायी पेपर समेत कागज विनिर्माता कंपनियों के शेयरों में तीन से आठ प्रतिशत की बढ़त हुई है, वह भी तब जबकि इस दौरान बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी में पांच फीसदी की गिरावट आई है.

एक महीने के दौरान सेषसायी पेपर एंड बोर्ड्स के शेयर 7.80 फीसदी चढ़ गए. तमिलनाडु न्यूजप्रिंट एंड पेपर्स के शेयर 7.07 प्रतिशत, सतिया इंडस्ट्रीज के 5.54 फीसदी और वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स के शेयर 3.15 फीसदी चढ़ गए.

इसी अवधि के दौरान (31 मई से एक जुलाई) सेंसेक्स में 4.78 फीसदी की और निफ्टी में 5.01 प्रतिशत की गिरावट आई.

जिन एसयूपी उत्पादों पर पाबंदी लगाई गई है उनमें ईयरबड, गुब्बारे के लिए प्लास्टिक की छड़ें, झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, पॉलीस्टाइनिन (थर्मोकोल), प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, पुआल, ट्रे, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट के पैकेट, 100 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक या पीवीसी बैनर और स्टिरर शामिल हैं.

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में खुदरा अनुसंधान के प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, ''देखा जाए तो इस कागज बनाने वाली कंपनियों को इस प्रतिबंध का लाभ मिलना चाहिए लेकिन ज्यादातर पेपर कंपनियां इस तरह के उत्पाद नहीं बनाती हैं और निकट भविष्य में वे इनके उत्पादन के क्षेत्र में उतरने वाली भी नहीं हैं.''

# रुट और बेयरस्टो के अर्धशतक, इंग्लैंड को मिली जीत की सुगंध

**बर्मिंघम ।** जो रुट (नाबाद 76) और जानी बेयरस्टो (नाबाद 72) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच चौथे विकेट के लिए 150 रन की अविजित साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने 378 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन तीन विकेट पर 259 रन बना लिए। इंग्लैंड को यह मैच जीतने और सीरीज में 2-2 की बराबरी हासिल करने के लिए 119 रन की जरूरत है जबकि सीरीज 3-1 से जीतने के लिए भारतीय गेंदबाजों को सात विकेट निकालने की जरूरत है। मैच में इस समय इंग्लैंड का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

भारत ने इससे पहले चेतेश्वर पुजारा (66) और ऋषभ पंत (53) के शानदार अर्धशतकों से दूसरी पारी में 245 टीम बनाये और मेजबान टीम के सामने जीत के लिए 378 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट खोकर 107 रन बना लिए थे। चायकाल के बाद इंग्लैंड ने पहली ही गेंद पर ओली पॉप का विकेट गंवाया। बुमराह की गेंद पर पॉप विकेटकीपर पंत के हाथों लपके गए। एलेक्स लीज दूसरा विकेट गिरने के दो रन बाद एक सिंगल लेने की गलतफहमी में मोहम्मद शमी के थ्रो पर रवींद्र जडेजा के हाथों रन आउट हो गए।

तीसरा विकेट 109 रन के स्कोर पर गिरने के बाद रुट और बेयरस्टो ने चौथे विकेट के लिए 150 रन की मजबूत अविजित साझेदारी कर इंग्लैंड को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया।

स्टंप्स के समय रुट 112 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद 76 और बेयरस्टो 87 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के के सहारे नाबाद 72 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इंग्लैंड के तीन विकेटों में से दो भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह के हिस्से में गए जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 107 रन की ओपनिंग साझेदारी की। चायकाल से पहले कप्तान जसप्रीत बुमराह ने ओवर संभाला और ज़ैक क्रॉली को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिला दी। ज़ैक क्रॉली ने 76 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 46 रन बनाये। इससे पहले भारत ने कल के तीन विकेट पर 125 रन से आगे खेलना शुरू किया।

# धनुष के लुक को देख फैंस को आई केजीएफ 2 के रॉकी भाई की याद



इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर फिर से बॉलीवुड का राज हो गया है। कार्तिक आर्यन और वरुण धवन की फिल्में फैंस को खूब पसंद आई हैं। लेकिन ये फिल्में साउथ की मूवीज का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाई हैं। केजीएफ 2 और आरआरआर ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ ऐसे रिकॉर्ड बना दिए है, जिसे तोड़ पाना किसी सपने के पूरा होने जैसा है। इन दो फिल्मों के बाद अब साउथ के सुपरस्टार और अपनी एक्टिंग से सबको दीवाना बनाने वाले धनुष अपनी नई फिल्म के साथ जल्द आने वाले है। इस से जुड़ा एक वीडियो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इस वीडियो के आने के बाद ट्विटर पर फैंस खूब रिएक्शन दे रहे है। धनुष के नए अवतार को देखने के बाद फैंस तारीफ किए बिना रह नहीं पा रहे है।

धनुष ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी अपकमिंग फिल्म कैप्टन मिलर का एक टीजर वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो ओल्ड बाइकर के लुक में नजर आ रहे है। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस की बेहद खुश है। फैंस धनुष को बड़े पर्दे पर देखने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इस टीजर वीडियो के आने के बाद फैंस ने ट्विटर जमकर तारीफ कर रहे है। एक यूजर ने ट्विट करते हुए लिखा हमको इसका लंबे समय से इंतजार था। कई यूजर्स धनुष की दमदार एक्टिंग को याद कर रहे है, तो कई इस टीजर के आने के बाद मीम्स बनाते हुए नजर आ रहे है।

# वरूण धवन को लेकर फिल्म बनायेंगे अनीस बज्मी



बॉलीवुड निर्देशक अनीस बज्मी अभिनेता वरूण धवन को लेकर फिल्म बना सकते हैं। अनीस बज्मी ने कार्तिक आर्यन को लेकर भूल भुलैया 2 बनायी है।फिल्म भूल भुलैया 2 बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी है। अनीस बज्मी एक कॉमेडी फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। वह अपनी इस फिल्म के लिए वरुण धवन से बात कर रहे हैं। वरुण धवन और अनीस बज्मी पिछले कुछ वर्षों से एक साथ आने के बारे में सोच रहे हैं। दोनों हाल ही में मिले और कॉमेडी फिल्म बनाने पर चर्चा की। वरुण धवन और अनीस बज्मी अपने वर्तमान के प्रोजेक्ट को पूरा करने के बाद फिल्म करेंगे। अनीस बज्मी ने वरुण धवन के पिता डेविड धवन के लिए 15 से ज्यादा फिल्में लिखी हैं। अनीस बज्मी अब वरुण धवन के साथ फिल्म बनाने के लिए उत्साहित हैं।

# भिंडी का सेवन करना सेहत के लिए है लाभकारी जानिए इसके बेमिसाल फायदे



भिंडी में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है अगर आप रोजाना 100 ग्राम भिंडी का सेवन करेंगे तो आपकी बॉडी के लिए आवश्यक विटामिन सी की मात्रा का 38 त्न इससे पूरा हो जाता है विटामिन सी कई बीमारियों और संक्रमण से सुरक्षित रखने में सहायता करता है भिंडी से न केवल बॉडी को पोषक तत्व मिलते है बल्कि इसके सेवन से वजन भी कंट्रोल होता है यह एक ऐसी हरी सब्जी है जिससे कई बीमारियां भी दूर रहती है यह ब्लड शुगर कंट्रोल करने में काफी सहायक है डायबिटीज के मरीजों के लिए भिंडी किसी वरदान से कम नहीं है

**वजन कम करने के लिए -** भिंडी वजन घटाने में काफी लाभकारी है इस सब्जी में फाइबर की प्रचुर मात्रा पाई जाती है ऐसे में इसके सेवन से वेट कम करने में सहायता मिलती है यानि इस सब्जी से आपको बिल्कुल भी कैलोरी नहीं मिलेगी जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है

**कैंसर में भी मिलेगी सहायता-** कैंसर में भी भिंडी काफी लाभकारी होती है अगर आप इसे डाइट में शामिल करेंगे तो इससे आपकी आंतों में मौजूद विषैले तत्व दूर हो जाते है यानि यह सब्जी आंतों के लिए बहुत लाभकारी है

**डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभकारी -** डायबिटीज के मरीजों के लिए भिंडी किसी वरदान से कम नहीं है अगर आप भिंडी को अपनी डाइट में शामिल करते है तो यह किसी वरदान से कम नहीं है गंभीर मरीजों को इसे खाने से पहले डॉक्टर से राय लेनी चाहिए भिंडी में फाइबर की प्रचुर मात्रा में पाया जाता है इसकी इस खासियत के कारण न केवल पेट देर तक भरा रहता है बल्कि पाचन भी दुरस्त बना रहता है इसके सेवन से फाइट इकट्ठा नहीं होता है तोड़े से व्यायाम की सहायता से फैट को तेजी से बर्न करने में सहायता मिलती है।


# शब्द सामर्थ्य- 124

**बाएं से दाएं**

1. टुड्डी पर के बाल, टुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 123 का हल



# सू-दोकू- 124

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.123 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। यदि आप नौकरी में परिवर्तन की तलाश में हैं तो आप आज कई अवसर मिल सकते हैं। धन निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा।

***वृष :*** इस अवधि में नियोजित कार्य बहुत अधिक परिणाम नहीं दिखाएगा, किन्तु परिणाम जो भी हों, सकारात्मक होंगें। आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए दिन शुभ है।

***मिथुन :*** आप अपनी नौकरी में बदलाव की उम्मीद कर सकते हैं। विदेश यात्रा भी संभव है। आप अपनी संभावनाओं के उत्थान की आशा भी कर सकते हैं क्योंकि आप अपनी वर्तमान नौकरी से अधिक पसंदीदा स्थान पर स्थानांतरित हो सकते हैं।

***कर्क :*** व्यवसायियों को नए रुझान और रास्ते मिलेंगे जो उनकी नकदी में वृद्धि करेंगें। आज आपकी वित्तीय स्थिति बहुत मजबूत होगी। आपके द्वारा की गई बचत, आपके परिवार के लिए लाभकारी साबित होगी।

***सिंह :*** आज का दिन आपके लिए कुछ परेशानी लिए हो सकता है। काम के दौरान आप वैचारिक मतभेदों को लेकर अपने सहयोगियों के साथ संघर्ष में आ सकते हैं, इसलिए आपको व्यावहारिक रहने की आवश्यकता है।

***कन्या :*** आज आप अपने अधीनस्थ अथवा सहयोगी को संवेदनशील मुद्दों को समझाने में मदद कर सकते हैं। व्यापारी वर्ग ग्राहकों की पसंद में दिलचस्पी लेंगे और आसानी से आर्थिक लाभ अर्जित कर पाएंगे।

***तुला :*** आज आपका आर्थिक पक्ष अस्थिर हो सकता है। आपके आलोचक और शत्रु आपके लिए समस्याएं पैदा करेंगे किन्तु आप कूटनीति के प्रयोग से उन्हें चुप करा सकते हैं। आपका दैनिक कार्यक्रम व्यस्त रहेगा।

***वृश्चिक :*** आज खुद के लिए जोखिम लेने की क्षमताओं पर अंकुश लगाना बेहतर होगा। यदि आपने पहले से भी जोखिम उठाए हैं तो उन्हें उपयुक्त रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। निवेश समझदारी से करें अन्यथा आर्थिक पक्ष अस्थिर हो सकता है।

***धनु :*** आज आप प्रेम संबंधों में लिप्त जातक अपने साथी के साथ भावनात्मक परिवेश में एक नया समीकरण विकसित कर पाएंगे। आज व्यावसायिक और व्यापारी सभी गतिविधियों में काफी प्रगति होने की संभावना है।

***मकर :*** आज व्यापारिक सन्दर्भ में विलय हो सकतें हैं। कठिन समय है, कार्य स्थल पर बार-बार परिवर्तन आपको भ्रमित कर सकता है। प्रेम संबंधों के लिए यह एक अच्छा समय है। बुजुर्ग अपनी संस्कृति, जीवन शैली और तीर्थयात्रा के प्रति अधिक रुचिवान होंगें।

***कुंभ :*** आज आप व्यापारिक एवं व्यवसायिक सन्दर्भ में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने प्रयासों से चौतरफा सफलता प्राप्त करेंगे और आपकी शक्तियां बढ़ेंगी। आप अपने द्वारा किए गए किसी भी निवेश में लाभ प्राप्त करेंगे और मन संतुष्ट एव शांत रहेगा।

***मीन :*** आज का दिन आपके लिए शानदार साबित होगा। कठिन समय के बाद आखिरकार आप अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ सुकून देख सकेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और श्रम के लिए इनाम की उम्मीद कर सकते हैं।